जय श्री श्याम | by Aamir Ali (Khatudham)

चाहे सुख हो दु:ख हो एक ही नाम बोलो जी
बोलो बोलो बोलो जय श्री श्याम बोलो जी

हारे का सहारा तेरा साथ निभाएगा
जब भी पुकारेगा तू सामने पायेगा
श्याम नाम से इस जीवन में अमृत घोलो जी
बोलो बोलो बोलो जय श्री श्याम बोलो जी

जग को बुलाता दर पे तुझे भी बुलाएगा
जो तू बाबा श्याम जी का ध्यान लगाएगा
खाटू धाम में जाकर अपनी किस्मत खोलो जी
बोलो बोलो बोलो जय श्री श्याम बोलो जी

श्याम की कृपा से आमिर मौज उड़ाएगा
श्याम नाम की मस्ती में झूम झूम गायेगा
श्याम तुम्हारा होगा तुम भी श्याम के हो लो जी
बोलो बोलो बोलो जय श्री श्याम बोलो जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-aamir-ali-khatudham/